दोपहर 2 बजे से

- गौहर महल में शिल्प मेला क्राफ्ट बाजार
- भोपाल हाट में फाल्गुन मेला

रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण नीति के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीयन की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के कुशल, अकुशल, शिक्षित एवं अशिक्षित व्यक्तियों का पंजीयन ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत के माध्यम से और शहरी क्षेत्रों में जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से होगा। पंजीकृत व्यक्तियों को पंजीयन कार्यालय में परिचय पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। ग्राम पंचायतों के माध्यम से किए गए पंजीकरण की जानकारी जनपद स्तर पर संधारित की जाएगी और जनपद स्तर पर संधारित जानकारी जिला स्तर पर जिला रोजगार कार्यालय में संग्रहित एवं संधारित की जाएगी।

कराया जाएगा। रोजगार की उपलब्धता एवं स्वरोजगार क्षेत्रों में संभावनाओं हेतु उक्त जानकारी आवश्यकतानुसार सभी विभागों को उपलब्ध कराई जाएगी तथा उनसे परामर्श भी किया जाएगा।

संस्थान द्वारा भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय द्वारा प्रायोजित किया गया है।

इस क्राफ्ट बाजार में 150 से अधिक शिल्पी एवं बुनकर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले का मुख्य उद्देश्य

मध्यप्रदेश की चंदेरी साड़ी, कॉटन सूट, बाघप्रिन्ट सूट, बुटिक सूट, छत्तीसगढ़ की कोसा साड़ी, ड्रेस मटेरियल, राजस्थान की बेड शीट, कॉटन टाप, ड्रेस मटेरियल, बांधनी ड्रेस, कोटा साड़ी,

जम्मू-कश्मीर, बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु, बिहार उत्तराखंड, हैदराबाद की पर्ल्स एवं स्टोन ज्वेलरी सहित बहुत कुछ इस प्रदर्शनी में अन्य तकरीबन 25 हजार वैरायटियां एक ही छत के नीचे उपलब्ध है।

होमगार्ड में प्लाटून कमांडरों के पदों को भरने

भर्ती नियमों में संशोधन की मंजूरी

दैनिक सांध्य प्रकाश . भोपाल

होमगार्ड संगठन में पिछले कई सालों से रिक्त पड़े प्लाटून कमांडर के पदों को भरने के लिए राज्य शासन के पास भेजे गए भर्ती नियम संशोधन प्रस्ताव को गृह विभाग की मंजूरी मिल गई है। इस तरह के आदेश भी संगठन को मिल गए हैं। राज्य शासन द्वारा 57 पदों को स्वीकृत करने के बाद मात्र 40 पदों पर भर्ती के लिए कहा गया है। इन प्लाटून कमांडर की भर्ती किस तरह से होगी इसकी प्रक्रिया पर मंथन शुरु कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक होमगार्ड संगठन में पिछले कई सालों से प्लाटून कमांडर के पद रिक्त पड़े हुए हैं इन पदों को भरने के लिए राज्य शासन ने 57 पदों को मंजूरी दी थी। इन पदों को पूर्व में गृह विभाग ने पुलिस की भर्ती के साथ करने के आदेश दिए थे लेकिन पुलिस एवं होमगार्ड में भर्ती नियमों में भिन्नता होने के कारण व्यापमं ने होमगार्ड के प्लाटून कमांडर की भर्ती से इंकार कर दिया था। राज्य शासन के आदेश पर एसएएफ से प्रतिनियुक्ति पर एसएएफ के एएसआई मांगे गए थे, जिन्हें पदोन्नति देकर प्लाटून कमांडर बनाने पर सहमति बनी थी।

बताया जाता है कि वर्ष नवंबर 2011 में मात्र 16 एएसआई एसएएफ से होमगार्ड संगठन को मिले थे, जो एक साल तक प्लाटून कमांडर के पद पर रहने के बाद वेतन-भत्ते में काफी असमानता होने के कारण गत वर्ष 2012 में वापस एसएएफ में चले गए। संगठन ने होमगार्ड में प्लाटून कमांडर

> पिछले कई वर्षों से रिक्त पड़े प्लाटून कमांडरों के पदों को भर्ती नियम संशोधन की मंजूरी मिलने के बाद इन पदों पर भर्ती की मंजूरी मिल गई है, मात्र 40 पदों को भरने की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिस पर प्रक्रिया चालू है।
>
> **आर.के. शुक्ला**
> डीजी होमगार्ड संगठन

की स्थिति पुनः पूर्व जैसी हो जाने पर भर्ती के लिए भर्ती नियम संशोधन का एक प्रस्ताव राज्य शासन के पास भेजा था। करीब चार-पांच माह बाद इस प्रस्ताव को गृह विभाग की मंजूरी मिलने के साथ मात्र 40 पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया के लिए मंथन किया जा रहा है कि किस तरह से प्लाटून कमांडरों की भर्ती होगी।

'माँ मुझको भी जीने दो' काव्य कृति लोकार्पित

भोपाल। भ्रूण हत्या आज की राष्ट्रीय समस्या है। आज यह विकार पूरे देश में फैला हुआ है। लोग केवल बेटा चाहते हैं, बेटियां नहीं। विज्ञान का सहारा लेकर बेटियों को माँ के उदर में मार दिया जात है। यह एक बहुत बड़ा सामाजिक अभिशाप है। यह शब्द डॉ. हुकुमपाल सिंह विकल ने "माँ मुझको भी जीने दो" काव्य संग्रह के लोकार्पण अवसर पर बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में कहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र जोशी ने परिवार में बेटियों के महत्व को बताया। अध्यक्षता कर रहीं ऊषा जयसवाल ने कहा कि बेटियां दो परिवारों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में आशा शर्मा, प्रीति प्रवीण खरे, सुनीता शर्मा कोमल ने कृति पर अपने समीक्षात्मक विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन साधना श्रीवास्तव ने किया तथा आभार अनुपमा श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

दैनिक सांध्यप्रकाश . भोपाल

गौरी को मिला सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री फिल्म पुरस्कार

अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में युवा फिल्म निर्माता गौरी चड्ढा द्वारा निर्देशित गवाह को सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार उन्हें शनिवार को भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में दिया गया। यह डाक्यूमेंट्री फिल्म मुंबई विस्फोटों पर आधारित है, जो कि गौरी द्वारा निर्देशित चौथी फिल्म है।

गवाह पर्दा गिरने के बाद के शोक, वाह-वाही के बाद मौन, और मुस्कान के पीछे छुपे रुदन के बारे में है। बिजली के संवेदी अनुभव के साथ इस मूवी के माध्यम से हम सभी के सामने उजागर होता है।

वो चिल्लाहट, भाग दौड़ और कभी न माफ किया जाने वाला दर्द, आतंक और शोक से भरा वह पल जिसने कई लोगों के जीवन को क्षण भर में बदल दिया। 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों और 13 जुलाई को हुए सिलसिलेवार बम धमाकों से हमें रूबरू कराते हुए हमलों के पीड़ितों की पीड़ा और दर्द से रूबरू कराती है। गौरी के पास हॉलीवुड और बॉलीवुड की और भी कई प्रतिष्ठित मूवीज का क्रेडिट है, जिनमें मिशन इम्पॉसिबल, गांधी ऑफ द मंथ, डेविड, इश्क एक्कुअली और लव ब्रेकअप्स जिंदगी आदि सहित कई प्रमुख फिल्में शामिल हैं। वर्तमान में वे एक फीचर फिल्म पर काम कर रहीं हैं, जो दुनिया भर में फैले आतंकवाद पर आधारित है।

DING DONG
The Foundation School
Pre Nursery To K.G. II
C.B.S.E. Pattern
Well Qualified and Trained Teachers
Well Equipped Classroom Play way
Method with Audio Visual 1:25 Ratio in each class
15, Neelam Colony behind Rose Parlour near Lilly Talkies Bhopal
Phone: 2570071, 2757473, 9425037305

विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण ले रहे कैदियों को

मिलेगा व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र

नगर प्रतिनिधि.भोपाल

प्रदेश की जेलों में कैदियों को दिए जा रहे कढ़ाई, बुनाई, प्रिंटिंग, सहित अन्य ट्रेडों में प्रशिक्षण के बाद अब व्यावसायिक दक्षता का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा ताकि वह जेल से रिहा होने के बाद रोजगार की दिशा में कौशल विकास केन्द्र के इस प्रशिक्षण सार्टिफिकेट से अपना रोजगार प्राप्त कर जीविका को चला सके। प्रतिवर्ष एक हजार कैदियों को इस तरह का प्रशिक्षण देने के बाद व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। जेलों में इस तरह का प्रमाणपत्र देने की व्यवस्था इसी वर्ष से शुरु की गई है।

प्रदेश की जेलों में विभिन्न अपराधों की सजा काट रहे कैदी रिहा होने के बाद अपनी जीविका चलाने के लिए स्वयं आत्मनिर्भर बन सकें इसके लिए जेल विभाग ने इस साल से विभिन्न ट्रेडों में जेल में प्रशिक्षण ले रहे कैदियों को व्यावसायिक दक्षता प्रमाणपत्र देने की व्यवस्था की है। करीब एक हजार कैदियों को प्रतिवर्ष प्रशिक्षण उपरांत इस तरह का व्यावसायिक दक्षता प्रमाण पत्र जेल से रिहाई के समय दिया जाएगा। कौशल विकास केन्द्र के माध्यम से इस तरह के सार्टिफिकेट देने के बाद कैदी रिहा होने के बाद आसानी से इस प्रमाणपत्र के माध्यम से कहीं भी अपना व्यवसाय आसानी से ढूंढने के बाद जीविका चला सकेंगे।

जेल में विभिन्न अपराधों की सजा काट रहे कैदी कढ़ाई, बढ़ई, प्रिंटिंग, सिलाई, बुनाई, बाइडिंग सहित अन्य कई ट्रेडों में प्रशिक्षण तो प्राप्त कर रहे थे लेकिन उन्हें किसी प्रकार का कोई व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र नहीं दिया जाता था। जेल विभाग ने राज्य शासन से अनुमति मिलने के बाद यह व्यवस्था भी जेल में लागू कर दी है।

> प्रदेश की जेलों में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैदियों को इस वर्ष से व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा, ताकि वह रिहा होने के बाद अपनी जीविका चलाने के लिए व्यवसाय शुरु कर सके।
>
> **ए.के. खरे**
> अतिरिक्त आईजी जेल

महिला एवं पुरुष कैदियों को व्यावसायिक दक्षता के बाद अब इस वर्ष से व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था कर दी गई है।

THE FIRST JINGLE OF SUCCESS
JINGLE BELLS
THE NURSERY SCHOOL
Pre-Nursery-KG-II, Play Way Method, Computer based Ed. Tata Sky Active, Karata, Dance, Computer etc. English Medium Trained Staff. Excellent results in Admission to various schools.
Director : Yasmin K Alim
60, Opp. State Bank of Indore, road No. 1, Idgah Hills, bhopal, Ph.: 2748142, Mob.: 9303132421

NEW DIMENSION
GROUP OF FOUNDATION SCHOOL
An ISO Certified School
Pre-Nursery to KG-II
B/119-120, H.B. Colony, Koh-e-Fiza Bhopal, Ph.: 6465555, 4250162
G-2, Gulmohar, E-8, Arera Colony, Bhopal, Ph.: 4250167, 9893250162

यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे, तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे न बढ़ेगा। यदि सफल होना चाहते हो, तो पहले 'अहं' ही नाश कर डालो।

– स्वामी विवेकानंद

गौहर महल में शुरू हुआ शिल्पी मेला

हम आपके साथ

अपनी खबर, अपनी जानकारी, अपने विचार और अपनी समस्याएं, अपने कार्यक्रम, अपनी सफलता, अपना लक्ष्य हम प्रकाशित करेंगे। फोटो व खबर भेजने के लिए Email करें yuva@sandhyaprakash.com या फोन करें 0755-4084741, 4084738

आपका आज

शाम 6.00 बजे
- स्वराज दीक्षी में बृ कलर्स चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

शाम 7.00 बजे
- धरा भवन में नाटक जात न पूछो साधु की का मंचन दशहरा मैदान टीटी नगर में राजाधीज महानाट्य का प्रदर्शन

आयोजन

सुबह11.00 बजे
- कलियासोत एडवेंचर स्पोर्ट फेस्ट

दोपहर 2 बजे से
- गौहर महल में शिल्प मेला ब्राउट बाजार
- भोपाल हाट में कालूपन मेला

20 हजार विद्यार्थियों को नौकरी का प्रशिक्षण

शिक्षा विभाग ने बनाई योजना

दैनिक सांध्यप्रकाश . भोपाल

तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शिक्षण सत्र 2012–13 में करीब 20 हजार विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने की तैयारी शुरू हो गई है। इन विद्यार्थियों को रोजगारन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे ये अपनी पढ़ाई करने के बाद रोजगार के लिए भटकेंगे नहीं।

स्किल डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत प्रदेश के 110 कॉलेजों में प्रशिक्षण योजना चल रही है। अब इसको बढ़ाने की तैयारी हो गई है। राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश में पहली बार रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण नीति लागू की गई है। रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण नीति का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर बाजार एवं उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षित कर सुनिश्चित रोजगार अवसर स्वरोजगार से जोड़ना है। इसके अतिरिक्त नीति का उद्देश्य प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि करना और उनके प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित कर मानव संसाधन का विकास करना भी है। इससे रोजगार पाने की क्षमता, प्रतिस्पर्धा एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी। रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण नीति संपूर्ण मध्यप्रदेश में एक नवंबर 2007 से प्रभावशील हो गई है।

पंजीयन की व्यवस्था

रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण नीति के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीयन की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के कुशल, अकुशल, शिक्षित एवं अशिक्षित व्यक्तियों का पंजीयन ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत के माध्यम से और शहरी क्षेत्रों में जिला रोजगार कार्यालय के माध्यम से होगा। पंजीकृत व्यक्तियों को पंजीयन कार्यालय में परिचय पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। ग्राम पंचायतों के माध्यम से किए गए पंजीकरण की जानकारी जनपद स्तर पर संकलित की जाएगी और जनपद स्तर पर संकलित जानकारी जिला स्तर पर जिला रोजगार कार्यालय में संग्रहित एवं संकलित की जाएगी।

तैयार हो रहा डाटा

जिला रोजगार कार्यालय नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की जानकारी के आधार पर डाटाबेस तैयार करेगा। डाटाबेस में रोजगार, स्वरोजगार के लिए इच्छुक पंजीयुक्त व्यक्तियों की शैक्षणिक योग्यता, कौशल, अनुभव, शारीरिक क्षमता आदि का विवरण होगा। जिला स्तर पर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित डाटाबेस निजी/ सार्वजनिक एवं व्यावसायिक संस्थानों को उनकी मांग के अनुरूप उपलब्ध कराया जाएगा। रोजगार की उपलब्धता पर स्वरोजगार क्षेत्रों में संभावनाओं हेतु उक्त जानकारी आवश्यकतानुसार सभी विभागों को उपलब्ध कराई जाएगी तथा उनसे परामर्श भी किया जाएगा।

एक छत के नीचे 24 राज्यों की कला

दैनिक सांध्यप्रकाश . भोपाल

गौहर महल में शुरू हुए शिल्पी क्राफ्ट बाजार में देश के 24 राज्यों की अनूठी कारीगरी व शिल्पकारों का संगम देखने मिल रहा है। मेला का उद्घाटन महापौर कृष्णा गौर ने किया। इस अवसर पर बीडीए अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ सिंह, कार्यालय मंत्री आलोक संजर, प्रदेश कार्यालय समिति अध्यक्ष आलोक संजर उपस्थित रहे। मेला का आयोजन मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय द्वारा प्रायोजित किया गया है।

इस क्राफ्ट बाजार में 150 से अधिक शिल्पी एवं बुनकर अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले का मुख्य उद्देश्य हथकरघा एवं हस्तशिल्प से जुड़े उन सभी शिल्पियों एवं बुनकरों में सामंजस्य बैठाते हुए भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय ने बीच-बिचौलियों को हटाकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच में सीधा सामंजस्य स्थापित करना है। मेले में 50 रुपये से लेकर 30 हजार रुपये तक की करीब 25 हजार वेरायटीज उपलब्ध हैं। यह मेला 24 फरवरी तक दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे खुला रहेगा।

मेले में खासकर पर मध्यप्रदेश की बंधेरी साड़ी, कॉटन सूट, बाघप्रिंट सूट, बुटिक सूट, छत्तीसगढ़ का कोसा साड़ी, ड्रेस मटेरियल, राजस्थान की बेड शीट, कॉटन टाप, ड्रेस मटेरियल, बांधनी ड्रेस, कोटा साड़ी, गुजरात अहमदाबाद के कॉटन टाप, बेड शीट, ड्रेस मटेरियल, महाराष्ट्र कॉटन टाप, हरियाणा की बेड शीट, कॉटन मोजा, पटियाला ड्रेस आन्ध्रप्रदेश की कलमकारी साड़ी, शर्ट एवं दरी, ड्रेस मटेरियल, पोचम्पली कॉटन ड्रेस मटेरियल उड़ीसा भाड़िया उत्तरप्रदेश की पिलकना बेड शीट, झांसी बेड शीट, बनारसी साड़ियां एवं ड्रेस मटेरियल, लखनऊ, चिकन साड़ी, शर्ट, टॉप, सीतापुरी दरी, वर्ल्ड फेम भदोही कारपेट, काश्मीर सहित जम्मू कश्मीर, बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु, बिहार उत्तराखंड, हैदराबाद की गल्स एवं स्टोन ज्वेलरी सहित बहुत कुछ इस प्रदर्शनी में अन्य तकरीबन 25 हजार वेरायटियां एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं।

होमगार्ड में प्लाटून कमांडरों के पदों को भरने

भर्ती नियमों में संशोधन की मंजूरी

दैनिक सांध्य प्रकाश . भोपाल

होमगार्ड संगठन में पिछले कई सालों से रिक्त पड़े प्लाटून कमांडर के पदों को भरने के लिए राज्य शासन के पास भेजे गए भर्ती नियम संशोधन प्रस्ताव को गृह विभाग की मंजूरी मिल गई है। इस तरह के आदेश भी संगठन को मिल गए हैं। राज्य शासन के आदेश पर एसएएफ ने प्रतिनियुक्ति पर एसएएफ के एएसआई मांगे गए थे, जिन्हें पदोन्नति देकर प्लाटून कमांडर बनाने पर सहमति बनी थी।

बताया जाता है कि वर्ष नवंबर 2011 में मात्र 16 एएसआई एसएएफ से होमगार्ड संगठन को मिले थे, जो एक साल तक प्लाटून कमांडर के पद पर रहने के बाद वेतन-भत्ते में काफी असमानता होने के कारण गत वर्ष 2012 में वापस एसएएफ में चले गए। संगठन ने होमगार्ड में प्लाटून कमांडर पदों को पूर्व में गृह विभाग ने पुलिस की भर्ती के साथ करने के आदेश दिए थे लेकिन पुलिस एवं होमगार्ड में भर्ती नियमों में भिन्नता होने के कारण व्यापमं ने होमगार्ड के प्लाटून कमांडर की भर्ती से इंकार कर दिया था। राज्य शासन के आदेश पर एसएएफ से प्रतिनियुक्ति पर एसएएफ के एएसआई मांगे गए थे, जिन्हें पदोन्नति देकर प्लाटून कमांडर बनाने पर सहमति बनी थी।

> पिछले कई वर्षों से रिक्त पड़े प्लाटून कमांडरों के पदों को भर्ती नियम संशोधन की मंजूरी मिलने के बाद इन पदों पर भर्ती की मंजूरी मिल गई है, साथ ही पदों को अलग-अलग स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसे पर प्रक्रिया चालू है।
>
> आर.के. गुप्तरा
> डीजी होमगार्ड, भोपाल

बताया जाता है कि वर्ष नवंबर 2011 में मात्र 16 एएसआई एसएएफ से होमगार्ड संगठन को मिले थे, जो एक साल तक प्लाटून कमांडर के पद पर रहने के बाद वेतन-भत्ते में काफी असमानता होने के कारण गत वर्ष 2012 में वापस एसएएफ में चले गए। संगठन ने होमगार्ड में प्लाटून कमांडर की स्थिति पुनः पूर्व जैसी हो जाने पर भर्ती के लिए भर्ती नियम संशोधन का एक प्रस्ताव राज्य शासन के पास भेजा था। करीब चार-पांच माह बाद इस प्रस्ताव को गृह विभाग की मंजूरी मिलने के साथ मात्र 40 पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया के लिए मंथन किया जा रहा है कि किस तरह से प्लाटून कमांडरों की भर्ती होगी।

'माँ मुझको भी जीने दो' काव्य कृति लोकार्पित

भोपाल। भ्रूण हत्या आज की राष्ट्रीय समस्या है। आज यह विकार पूरे देश में फैला हुआ है। लोग केवल बेटा चाहते हैं, बेटियां नहीं। विज्ञान का सहारा लेकर बेटियों को मां के उदर में मार दिया जाता है। यह एक बहुत बड़ा सामाजिक अभिशाप है। यह शब्द डॉ. हुकुमपाल सिंह विकल ने ''मां मुझको भी जीने दो'' काव्य संग्रह के लोकार्पण अवसर पर बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में कहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र जोशी ने परिवार में बेटियों के महत्व को बताया। अध्यक्षता कर रहीं ऊषा जायसवाल ने कहा कि बेटियां दो परिवारों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में आशा शर्मा, प्रीति प्रवीण खरे, सुनीता शर्मा कोमल ने कृति पर अपने समीक्षात्मक विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन साधना श्रीवास्तव ने किया तथा आभार अनुपमा श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

दैनिक सांध्यप्रकाश . भोपाल

गौरी को मिला सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री फिल्म पुरस्कार

अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में पुणा फिल्म निर्माता गौरी चड्ढा द्वारा निर्देशित गवाह को सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंट्री फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार ऊर्जा शनिवार को भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में दिया गया। यह डाक्यूमेंट्री फिल्म मुंबई विस्फोटों पर आधारित है, जो कि गौरी द्वारा निर्देशित पहली फिल्म है।

गवाह पर्दा गिरने के बाद के शोक, वाह-वाही के बाद मौन, कभी न माफ किया जाने वाला दर्द, आतंक और शोक से भरा यह पल जिसने कई लोगों के जीवन को क्षण भर में बदल दिया। 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों और 13 जुलाई को हुए मिल्लिसिलेवार बम धमाकों से हमें रूबरू कराते हुए हमलों के पीड़ितों की पीड़ा और दर्द से रूबरू कराती है। गौरी के पास हॉलीवुड और बॉलीवुड की और भी कई प्रतिष्ठित मूवीज का कंटेंट है, जिनमें मिशन इम्पॉसिबल, गांधी ऑफ द मंथ, उविड, इशक एक्सप्रेसी और लव ब्रेकअप जिंदगी आदि सहित कई प्रमुख फिल्में शामिल हैं। वर्तमान में वे एक फीचर फिल्म पर काम कर रहीं हैं, जो बुनिया भर में फैले आतंकवाद पर आधारित है।

DING DONG
The Foundation School
Pre Nursery To K.G. II
C.B.S.E. Pattern
Well Qualified and Trained Teachers
Well Equipped Classroom Play way
Method with Audio Visual 1:25 Ratio in each class.
15, Neelam Colony behind Rose Parlour near Lilly Talkies Bhopal
Phone: 2570914, 2707473, 9425037375

विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण ले रहे कैदियों को

मिलेगा व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र

नगर प्रतिनिधि.भोपाल

प्रदेश की जेलों में कैदियों को दिए जा रहे कढ़ाई, बुनाई, प्रिंटिंग, सहित अन्य ट्रेडों में प्रशिक्षण के बाद अब व्यावसायिक दक्षता का प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा ताकि वह जेल से रिहा होने के बाद रोजगार की दिशा में कौशल विकास केन्द्र के इस प्रशिक्षण सार्टिफिकेट से अपना रोजगार प्राप्त कर जीविका को चला सके। प्रतिवर्ष एक हजार कैदियों को इस तरह का प्रशिक्षण देने के बाद व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। जेलों में इस तरह का प्रमाणपत्र देने की व्यवस्था इसी वर्ष से शुरू की गई है।

प्रदेश की जेलों में विभिन्न अपराधों की सजा काट रहे कैदी रिहा होने के बाद अपनी जीविका चलाने के लिए स्वयं आत्मनिर्भर बन सके इसके लिए जेल विभाग ने इस साल से विभिन्न ट्रेडों में जेल में प्रशिक्षण ले रहे कैदियों को व्यावसायिक दक्षता प्रमाणपत्र देने की व्यवस्था की है। करीब एक हजार कैदियों को प्रतिवर्ष प्रशिक्षण उपरांत इस तरह का व्यावसायिक दक्षता प्रमाण पत्र जेल से रिहाई के समय दिया जाएगा। कौशल विकास केन्द्र के माध्यम से इस तरह के सार्टिफिकेट देने के बाद कैदी रिहा होने के बाद आसानी से इस प्रमाणपत्र के माध्यम से कहीं भी अपना व्यवसाय आसानी से कूदने के बाद जीविका चला सकेंगे।

जेल में विभिन्न अपराधों की सजा काट रहे कैदी कढ़ाई, बुनाई, प्रिंटिंग, सिलाई, चुनाई, बाइंडिंग सहित अन्य कई ट्रेडों में प्रशिक्षण तो प्राप्त कर रहे थे लेकिन उन्हें किसी प्रकार का कोई व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र नहीं दिया जाता था। जेल विभाग ने राज्य शासन से अनुमति मिलने के बाद यह व्यवस्था भी जेल में लागू कर दी है।

> प्रदेश की जेलों में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कैदियों को इस वर्ष से व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा, ताकि वह रिहा होने के बाद अपनी जीविका चलाने के लिए व्यवसाय शुरू कर सके।
>
> ए.के. डरे
> अतिरिक्त महानिदेशक

महिला एवं पुरुष कैदियों को व्यावसायिक दक्षता के बाद अब इस वर्ष से व्यावसायिक दक्षता का प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था कर दी गई है।

THE FIRST JINGLE OF SUCCESS
JINGLE BELLS
THE NURSERY SCHOOL
Pre-Nursery-KG-II, Play Way Method, Computer based Ed. Tata Sky Active, Karata, Dance, Computer etc. English Medium Trained Staff. Excellent results in Admission to various schools.
Director : Yasmin K Alim
60, Opp. State Bank of Indore, road No. 1, Idgah Hills, Bhopal, Ph.: 2748142, Mob.: 9303132421

NEW DIMENSION
GROUP OF FOUNDATION SCHOOL
An ISO Certified School
Pre-Nursery to KG-II
B/119-120, H.B. Colony, Koh-e-Fiza Bhopal, Ph.: 6465555, 4250162
G-2, Gulmohar, E-8, Arera Colony, Bhopal, Ph.: 4250167, 9893250162